MPHIN/2023/88306

डाक पंजीकरण संख्या मंदसौर / 405/ 2024-26

# यशस्वी दुनिया

खबर वही सोच नई...

साप्ताहिक

सम्पादक
कैलाश विश्वकर्मा
मो.7898341111

yashasviduniya@gmail.com

वर्ष -4 अंक -2 मंदसौर, 1 जूलाई 2026 बुधवार से 7 जूलाई 2026 तक पृष्ठ -4 कीमत 2 रू.

## शामगढ़ थाना परिसर में गूंजा वीर बजरंगी का जयकारा, सुंदरकाण्ड के साथ नवीन थाना प्रभारी कार्यालय एवं वॉलीबॉल ग्राउंड का उद्घाटन

### थाना प्रभारी कपिल सौराष्ट्रीय के प्रयासों से शामगढ़ थाने को मिली स्थाई सुविधा

यशस्वी दुनिया ⊙शामगढ़

शामगढ़। मंगलवार शाम शामगढ़ थाना परिसर धार्मिक आस्था और उत्साह के माहौल से सराबोर रहा। थाना परिसर में सुंदरकाण्ड पाठ का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें वीर बजरंगी के जयकारों से पूरा परिसर भक्तिमय हो उठा। आयोजन में पुलिस अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं बड़ी संख्या में नगरवासियों ने सहभागिता कर क्षेत्र में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।





कार्यक्रम के दौरान थाना परिसर में नवनिर्मित थाना प्रभारी कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया गया। साथ ही पुलिस कर्मियों के शारीरिक स्वास्थ्य एवं खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से तैयार किए गए वॉलीबॉल ग्राउंड का भी लोकार्पण किया गया।

आयोजन में सुवासरा विधायक हरदीप सिंह डंग ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की। दोनों अतिथियों ने नवीन सुविधाओं का अवलोकन करते हुए पुलिस विभाग के कार्यों की सराहना की तथा कहा कि बेहतर कार्य वातावरण और खेल सुविधाएं पुलिस बल के मनोबल एवं कार्यक्षमता को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

इस अवसर पर कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष किशोर सिंह गरड़ा, युवा नेता अंकित यादव, एसडीओपी दिनेश प्रजापति सहित पुलिस विभाग के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे। सुंदरकाण्ड पाठ के समापन पर महाआरती एवं प्रसाद वितरण किया गया। पूरे आयोजन का वातावरण धार्मिक आस्था, सामाजिक सहभागिता और आपसी सौहार्द का प्रतीक बना रहा।

## शामगढ़ में 101 पौधों का वृहद वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण का लिया सामूहिक संकल्प

यशस्वी दुनिया ⊙शामगढ़

शामगढ़। नगर को हरा-भरा एवं प्रदूषण मुक्त बनाने के उद्देश्य से सोमवार को सार्वजनिक दशहरा मैदान में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगर परिषद एवं शामगढ़ की विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं सेवा संस्थाओं के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस अभियान के तहत 101 फलदार एवं फूलदार पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण का सामूहिक संकल्प लेते हुए पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखभाल का भी संकल्प लिया गया।

यह अभियान नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती कविता नरेंद्र यादव के आह्वान पर आयोजित किया गया, जिसका नेतृत्व नगर परिषद उपाध्यक्ष डाली बाई



जोशी, सभापति बंटी अश्क, सीताबाई जांगड़े तथा युवा नेता अंकित यादव ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नगरवासी, महिलाएं, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी शामिल हुए।

कार्यक्रम के दौरान नगर परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) सुरेश कुमार यादव ने उपस्थित जनसमुदाय को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनका संरक्षण एवं पालन-पोषण करना भी प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उन्हें वृक्ष बनने तक सुरक्षित रखने का आह्वान किया।

वृक्षारोपण अभियान में गायत्री परिवार, पंजाबी समाज युवा संगठन, भलाई की सप्लाई, भारत विकास परिषद, वुमन पावर सोसाइटी सहित नगर की अनेक सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई। उपस्थित लोगों ने इस अभियान को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताते हुए इसकी सराहना की।

कार्यक्रम में नगर परिषद उपाध्यक्ष डाली बाई जोशी, सभापति सिंटू धमोनिया, सीता जांगड़े, फारुख मेव, गोपाल जोशी, नवीन फरक्या, दीपक जांगड़े, पूर्व मंडल अध्यक्ष बलवंत सिंह पवार, धीरज संघवी, नंदू कुमावत, सतीश खुराना, भारत विकास परिषद अध्यक्ष अजय चौहान, महेश मादलिया, मोहनलाल जोशी, जगदीश सेठिया, दीपक गुप्ता, कमल चौधरी, डॉ. अमित धनोतिया, मनोज चौधरी, राजू सिसोदिया, दीपू राठौड़, उमेश सिंह जादौन, मोहनलाल राठौर, विशाल डाबी, दिनेश खाती पटेल, पवन जोशी, संजय भूटानी, अमित चौधरी, पवन बड़ोदिया, श्याम पाटीदार, कालू मीणा, बदरी पोरवाल, बंटी झांब, लालू चौधरी, मोदा भैया, अशोक नकड़ा, पूर्व पार्षद हुकुम पाटीदार, गोपाल कालरा, पद्मनारायण पाल, एल्डरमैन मुकेश दानगढ़, विशाल शर्मा, राजू खाती पटेल, पंजाबी समाज अध्यक्ष सुंदर कालरा, संजय दुवा, महेश मयूरमा, हरिओम पाटीदार, ओमप्रकाश मालू, दर्शना मनोचा, मंजू रतनावत, अंतिम ओझा सहित बड़ी संख्या में नगरवासी एवं पत्रकार साथी उपस्थित रहे।

# संपादकीय

## चढ़ावा चोरी पर 'राजनीति'

अयोध्या के श्री राम मन्दिर में चढ़ावा चोरी के मामले में उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने जिस तरह त्वरित कार्रवाई करके इस तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के आठ कर्मचारियों के खिलाफ नामजद पुलिस रिपोर्ट करके उन्हें गिरफ्तार कराया है उससे यह स्पष्ट होता है कि सरकार करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था के विरुद्ध किये गये कृत्य से आहत है और वह हर कीमत पर दोषियों को सजा देना चाहती है। अतः इस चढ़ावा चोरी को लेकर राज्य में राजनीतिक दल 2027 के आसन्न विधानसभा चुनावों को देखते हुए जो आरोप लगा रहे हैं वे बन्द होने चाहिएं और इस मुद्दे पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। भगवान राम के प्रति श्रद्धा का मामला कोई राजनीतिक विषय नहीं है बल्कि यह विशुद्ध रूप से धार्मिक व आस्था का प्रश्न है। योगी सरकार ने जिस तरह आरोप लगते ही पूरे मामले की जांच के लिए जिस तरह उच्च स्तरीय विशेष जांच दल का गठन किया उसकी भी विपक्षी राजनीतिक दल विशेष रूप से समाजवादी पार्टी आलोचना कर रही है मगर वह यह भूले जा रही है कि जब नब्बे के दशक में अयोध्या में रामभक्त मन्दिर बनाये जाने के लिए आन्दोलन कर रहे थे और यह मांग कर रहे थे कि रामजन्म भूमि जन्म स्थल पर 16वीं सदी में खड़ी की गई बाबरी मस्जिद हटाई जाये तो इसी पार्टी के मुखिया स्व. मुलायम सिंह की सरकार ने उन पर गोलियां चलवाई थीं और कई रामभक्तों को शहीद कर दिया था। अतः इस पार्टी के वर्तमान मुखिया श्री अखिलेश यादव का अब चढ़ावा चोरी के मामले में बढ़-चढ़ कर आरोप लगाना विशुद्ध राजनीति से प्रेरित है और इसमें वह एक अवसर की तलाश कर रहे हैं। ऐसा नहीं है कि हिन्दुओं के धार्मिक स्थल पर चढ़े चढ़ावे में घपला करने के आरोप पहली बार लगे हैं। इससे पूर्व दक्षिण भारत के कई प्रसिद्ध हिन्दू तीर्थों में इसी प्रकार का घपला किये जाने के आरोप लगते रहे हैं जिनकी जांच बाकायदा कानूनी दायरे में होती रही है। परन्तु अयोध्या का श्रीराम मन्दिर भारत की जनता द्वारा लगातार पांच सौ वर्षों से अधिक तक किये गये संघर्ष का प्रतीक है अतः यह मामला अलग दृष्टिकोण से देखा जा रहा है जो कि पूरी तरह उचित व तार्किक है। इसीलिए राज्य के मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ ने आगाह किया है कि कुछ लोग रामभक्तों की अग्नि परीक्षा न लें और अनर्गल आरोप लगाना बन्द करें जिनके पास घपले के सन्दर्भ में कोई प्रमाण या साक्ष्य हैं वे विशेष जांच दल को सौंपें। योगी आदित्यनाथ ने आरोपों के लगते ही यह घोषणा की इस मामले में दूध का दूध और पानी का पानी होकर रहेगा और आस्था के साथ खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जायेगा। अतः इसी क्रम में राम मन्दिर ट्रस्ट के आठ कर्मचारियों को जेल भेज दिया गया है। इस मामले में यह भी स्पष्ट होना चाहिए कि ट्रस्ट एक स्वायत्तशासी स्वतन्त्र संस्थान है जिसके कार्य में सरकार का कोई दखल नहीं है। इस ट्रस्ट को 2021 में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा राम जन्म स्थान के पक्ष में फैसला दिये जाने के बाद केन्द्र सरकार द्वारा गठित किया गया था ।






सीतामऊ में मुस्लिम समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में एसडीएम श्रीमती शिवानी गर्ग एवं थाना प्रभारी कमलेश प्रजापति का पुष्पमाला एवं शॉल भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में सामाजिक सौहार्द और आपसी भाईचारे का संदेश दिया गया।

# मंदसौरः पुलिस कंट्रोल रूम में जनसुनवाई, एसपी ने 56 आवेदकों की शिकायतें सुनकर दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश

यशस्वी दुनिया मंदसौर




मंदसौर। आमजन की शिकायतों का त्वरित एवं विधिसम्मत निराकरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मंगलवार को जिला पुलिस कंट्रोल रूम मंदसौर में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा ने स्वयं उपस्थित होकर 56 आवेदकों की शिकायतें सुनीं और संबंधित अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

जनसुनवाई के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक टी.एस. बघेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (गरोठ) राम सनेही मिश्रा, नगर पुलिस अधीक्षक जितेंद्र भास्कर, एसडीओपी सीतामऊ दिनेश प्रजापति, थाना प्रभारी कोतवाली पुष्पेंद्र सिंह राठौर, थाना प्रभारी यशोधर्मन नगर शिवांशु मालवीय तथा थाना प्रभारी नई आबादी कुलदीप सिंह राठौर भी मौजूद रहे।

जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे आवेदकों ने अपनी समस्याएं एवं शिकायतें पुलिस अधिकारियों के समक्ष रखीं। पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक प्रकरण को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित थाना एवं चौकी प्रभारियों को निष्पक्ष, त्वरित एवं विधिसम्मत कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने अधिकारियों से शिकायतों के समयबद्ध निराकरण एवं आवेदकों को उचित न्याय दिलाने के लिए संवेदनशीलता के साथ कार्य करने को कहा।

पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा ने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का शीघ्र समाधान करना तथा पुलिस व्यवस्था के प्रति लोगों का विश्वास मजबूत करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का निर्धारित समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि लोगों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

ट्रेवल्स अहमदाबाद, इंदौर, भोपाल, राजकोट, सुरत, बड़ौदा, उज्जैन
मधुर काँटा की नई सौगात
इलेक्ट्रानिक तोलकाँटा
दूध डेयरी का सामान
डेयरी संबंधित सभी प्रकार की मशीन व मशीन के पार्ट्स उचित दाम पर मिलते है एवं सभी प्रकार की मशीनें रिपेयरिंग की जाती है।
साथ ही
आपके मकान, दुकान, गोडाऊन व व्यावसायिक स्थल की सुरक्षा हेतु CCTV कैमरे लगवाईये।
L.E.D. T.V., नोट काउंटिंग मशीन वारंटी व गारंटी के साथ
हमारे यहाँ सभी प्रकार के पुराने CCTV कैमरे रिपेयर भी किये जाते हैं
मधुर इंटरप्राइजेस ट्रेवल्स & कोरियर
प्रोप्रा. अनुप जैन (कदुभाई), गरोठ वाले
शिव हनुमान मंदिर के पास, मेनरोड, बस स्टेण्ड, शामगढ़ Mob. 9977003920, 9179928540, 8224851378, 8889305176, 9685258614, 9174077485
अनूप जैन
हास्पीटल रोड़, गरोठ 9713314588, 7225855268

प्रो-टीपू शेख, मो-9893112773 आदिल मो-9806741851
राज लाइट डेकोरेशन
एण्ड डीजे साउंड
हमारे यहां लाईट डेकोरेशन, डीजे साउण्ड, जनरेटर, 5 केवीआर से 125 केवीआर जनरेटर व्यवस्था एवं इलेक्ट्रीक फीटिंग कार्य भी किया जाता है। जनरेटर खरीदे व बेचे जाते है। ए टू जेड जनरेटर व्यवस्था।
चामुण्डा कालोनी, माकड़ी माताजी रोड, शामगढ़

ज्योति ऑप्टीकल एण्ड आई केयर
आईसीआईसीआई बैंक के सामने, सुभाष मार्ग, शामगढ़
Mob.9752457614,9893826814
आधुनिक मशीनों द्वारा आंखो की जांच कर चश्मे बनाये जाते है विश्वसनीय कम्पनियों के चश्मे व गॉगल।
नेत्र रोग विशेषज्ञ- डॉ.विक्रांत भावसार
प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को उपलब्ध रहेगें
समय प्रातः 10 से 1 बजे तक

# सगोरिया मुक्तिधाम से अस्थियां चोरी, तंत्र-मंत्र की आशंका से ग्रामीणों में आक्रोश

## एक माह पहले शामगढ़ मुक्तिधाम में भी हुई थी ऐसी घटना, अब सुरक्षा व्यवस्था पर उठ रहे सवाल

शामगढ़। थाना क्षेत्र के ग्राम सगोरिया में मुक्तिधाम से मृतक की अस्थियां चोरी होने का हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। अंतिम संस्कार स्थल पर कथित रूप से तंत्र-मंत्र से जुड़ी कुछ संदिग्ध सामग्री मिलने के कारण लोगों ने तांत्रिक गतिविधियों की आशंका जताई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।



जानकारी के अनुसार ग्राम सगोरिया निवासी कमलाबाई डारिया का 29 जून को निधन हो गया था। सोमवार को उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। परंपरा के अनुसार मंगलवार सुबह परिजन अस्थियां एकत्रित करने पहुंचे तो वहां अस्थियां गायब मिलीं। अंतिम संस्कार स्थल के आसपास कुछ संदिग्ध सामग्री भी पड़ी मिली, जिससे ग्रामीणों में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं। घटना की सूचना मिलते ही सगोरिया सरपंच प्रतिनिधि रामसिंह चौहान ने पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए और मामले की जांच शुरू कर दी है।

**एक माह पहले शामगढ़ में भी हुई थी अस्थि चोरी**

गौरतलब है कि लगभग एक माह पूर्व शामगढ़ मुक्तिधाम से भी अस्थियां चोरी होने का मामला सामने आया था। उस घटना के बाद नगर परिषद द्वारा मुक्तिधाम परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे, लेकिन अब तक उस मामले का खुलासा नहीं हो सका है। ऐसे में सगोरिया की घटना ने एक बार फिर लोगों की चिंता बढ़ा दी है।

**क्या हर मुक्तिधाम में सीसीटीवी लगाना संभव है?**

लगातार सामने आ रही ऐसी घटनाओं के बीच सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या छोटे-छोटे गांवों के प्रत्येक मुक्तिधाम में सीसीटीवी कैमरे लगाना व्यावहारिक रूप से संभव है? ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकांश मुक्तिधाम खुले स्थानों पर बने होते हैं, जहां बिजली, इंटरनेट और नियमित निगरानी जैसी सुविधाएं भी सीमित होती हैं। ऐसे में हर स्थान पर कैमरे लगाना आसान नहीं है। वहीं, यह सवाल भी लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है कि आखिर सीसीटीवी कैमरे अस्थियों की सुरक्षा कब तक और किस हद तक कर पाएंगे। कैमरे घटना को रिकॉर्ड तो कर सकते हैं, लेकिन यदि समय पर निगरानी और त्वरित कार्रवाई न हो तो ऐसी घटनाओं को पूरी तरह रोक पाना चुनौती बना रहता है। लोगों का कहना है कि केवल कैमरे लगाना ही समाधान नहीं है, बल्कि असामाजिक तत्वों की पहचान कर उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई भी आवश्यक है।

**धार्मिक आस्था पर सीधा आघात**

हिंदू धर्म में अंतिम संस्कार के बाद अस्थि संग्रह और उनका पवित्र नदी या तीर्थस्थल पर विसर्जन अत्यंत महत्वपूर्ण धार्मिक संस्कार माना जाता है। इसे मृतक की आत्मा की शांति और मोक्ष से जोड़ा जाता है। ऐसे में अस्थियों की चोरी जैसी घटनाएं परिजनों की भावनाओं को गहरी ठेस पहुंचाती हैं और धार्मिक आस्था पर भी सीधा आघात करती हैं। यदि परिजन मृतक की अस्थियां ही सुरक्षित न रख सकें तो वे धार्मिक परंपरा के अनुसार अस्थि विसर्जन और तर्पण जैसे संस्कार कैसे पूर्ण करेंगे? यही चिंता अब ग्रामीणों के बीच गहराती जा रही है।

### पुलिस जांच से लोगों को उम्मीद

फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। ग्रामीणों की मांग है कि सगोरिया और एक माह पहले शामगढ़ में हुई अस्थि चोरी की घटनाओं का शीघ्र खुलासा किया जाए। यदि दोनों मामलों में कोई समानता या संगठित गिरोह की भूमिका सामने आती है तो उसका भी पर्दाफाश होना चाहिए। लोगों का मानना है कि दोषियों की गिरफ्तारी ही भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर प्रभावी रोक लगा सकती है और मुक्तिधाम जैसे पवित्र स्थलों की गरिमा बनाए रख सकती है।


Cure With Care
सरदार पटेल
मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर
आपके शहर शामगढ़ में एक मात्र मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल जहाँ सम्पूर्ण सुविधाओं के साथ वरिष्ठ डॉक्टर द्वारा उपचार प्रतिदिन किया जाता है।
24/7 EMERGENCY SERVICE
डॉ. राशी चौबे
MBBS, M.S. (obs.& Gynaecologist)
वरिष्ठ महिला एवं प्रसुति रोग विशेषज्ञ
उपलब्ध सुविधाएँ–
- गर्भवती महिलाओं की सम्पूर्ण जांच एवं उपचार।
- 24 घण्टे नार्मल एवं सिजेरियन (L.S.C.S.) डिलेवरी की सुविधा।
- स्त्री रोग से संबंधित सभी प्रकार के ऑपरेशन व ईलाज।
- किशोरावस्था से Menopause तक सभी प्रकार की स्त्री एवं प्रसुती रोग।
- निःसंतानता, बांझपन, सफेद पानी लूकोरिया, महामारी की अनियमितता।
- बार बार गर्भ गिरना, गर्भाशय की सूजन, योन रोग, गर्भाशय व अण्डकोष की गांठ आदि का सम्पूर्ण ईलाज।
- स्त्री रोग से संबंधित सभी प्रकार के ऑपरेशन जैसे – बच्चेदानी का ऑपरेशन, गठान का ऑपरेशन, नसबंदी का ऑपरेशन।
- अंडाशय की गठान, नस में ठहरा हुआ बच्चा।
- परिवार नियोजन परामर्श।
- पूर्णतया प्रशिक्षित स्टॉफ की सेवाएँ। जोड़ो का दर्द, कंधो का जाम, कमर, रीढ़ की हड्डी का दर्द ब्रेन ट्यूमर, साईटिका, मांसपेशियों का खिंचाव, सुन्नपन, सभी प्रकार की फिजियोथेरेपी की जाती है।
- फिजियोथेरेपी, बुखार, शुगर, ब्लड प्रेशर बिमारियों का ईलाज।
- शल्य चिकित्सा संबंधी जैसे –
हर्निया / पाईल्स / फिशर / फिस्टूला / अपेडिक्स / प्रोस्टेट
कलर सोनोग्राफी | कम्प्यूटराईज्ड लेब | ICU | ECG
एंबुलेंस | मेडिकल | जनरल वार्ड | वातानुकुलित कॉटेज
ऑपरेशन थिएटर | Digital X-ray | 3D/4D सोनोग्राफी
मल्टी स्पेशलिटी – जनरल मेडिसीन विशेषज्ञ – जनरल सर्जन विशेषज्ञ – हड्डी रोग विशेषज्ञ
रजिस्ट्रेशन करवाने हेतु सम्पर्क करें – 9630656224
पता – 10, गरोठ रोड़, सरदार पटेल मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल शामगढ़, जिला– मंदसौर (म.प्र.) कोड नं. 458883



NOBLE
Computer Academy
मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय द्वारा
DCA
PGDCA
CPCT
BASIC
Tally
Accounting Course only 45 Days
संचालक
राजमल मांदलिया
9977105210
Punjabi Colony, Shamgarh



गोपाल पटेल 9826055169 | अर्जुन पटेल 9981235380 | गोपाल जी (मट्टा सेठ) 9893633622
खाती पटेल
लाईट डेकोरेशन, डी.जे साउण्ड
शादी पार्टी में लाइट डेकोरेशन जनरेटर डीजे के लिये सम्पर्क करे
पता - गायत्री शक्तिपीठ के पास सगोरिया रोड़ शामगढ़



शामगढ़ में अमूल दूध अब ओम दूध डेयरी पर
शुद्ध और पोष्टिक दुध, घर से घर तक
Amul DOODH
Now in SHAMGARH
6 लीटर और 1 लीटर उपलब्ध
उच्च क्वालिटी, पूर्ण मात्रा
शादी पार्टी में डिलेवरी हेतु सम्पर्क करे
9926839024
अधिकृत विक्रेता
ओम दूध डेयरी
नगर परिषद काम्पलेक्स, शामगढ़

# मंदसौरः स्थानांतरण पर भावुक हुए जिला जनसंपर्क अधिकारी डॉ. ईश्वर चौहान, प्रेस परिवार को कहा धन्यवाद

**यशस्वी दुनिया ⊙मंदसौर**

मंदसौर। लगभग नौ वर्षों तक मंदसौर जिले में अपनी सेवाएं देने के बाद जिला जनसंपर्क अधिकारी डॉ. ईश्वर चौहान का स्थानांतरण रतलाम हो गया है। कार्यमुक्त होने से पहले उन्होंने जिले के पत्रकारों और प्रेस परिवार के नाम एक भावपूर्ण संदेश जारी करते हुए सभी के सहयोग, स्नेह और आत्मीयता के प्रति आभार व्यक्त किया।

डॉ. चौहान ने अपने संदेश में कहा कि मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग से चयनित होने के बाद मंदसौर उनकी पहली पदस्थापना थी। एक नए अधिकारी के रूप में प्रशासन, जनसंपर्क और मीडिया के साथ समन्वय का वास्तविक अनुभव उन्हें इसी जिले में मिला। उन्होंने कहा कि एक अधिकारी के रूप में उनकी कार्यशैली और पहचान को आकार देने में मंदसौर तथा यहां के पत्रकारों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने बताया कि वर्ष 2017 से 2026 तक का नौ



वर्ष का कार्यकाल कब बीत गया, इसका अहसास ही नहीं हुआ। इस दौरान शासन की योजनाओं और जनहित से जुड़े कार्यों को आमजन तक पहुंचाने में मीडिया ने हमेशा सकारात्मक सहयोग दिया। चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी पत्रकारों का सहयोग उनके लिए प्रेरणास्रोत बना रहा।

जनसंपर्क संचालनालय के निर्देशानुसार रतलाम स्थानांतरण होने पर उन्होंने कहा कि अब वे नई जिम्मेदारी निभाने जा रहे हैं, लेकिन मंदसौर से जुड़ी यादें और यहां के लोगों का अपनापन हमेशा उनके साथ रहेगा। उन्होंने कहा कि मंदसौर उनके लिए केवल पहली पोस्टिंग नहीं, बल्कि कर्मभूमि, सीखने की पाठशाला और जीवन का एक अविस्मरणीय अध्याय है।

डॉ. चौहान ने अंत में सभी पत्रकार साथियों के उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य और निरंतर प्रगति की कामना करते हुए विश्वास जताया कि स्थान बदल सकता है, लेकिन वर्षों में बने आत्मीय संबंध और आपसी स्नेह हमेशा कायम रहेंगे। उनके इस भावुक संदेश को प्रेस जगत में आत्मीयता और सम्मान के साथ देखा जा रहा है।

## गरोठः राजगुरु कॉम्पलेक्स में जलभराव की समस्या का समाधान, नगर परिषद ने कराई नालियों की सफाई

**यशस्वी दुनिया ⊙गरोठ**

गरोठ। हाल ही में हुई बारिश के बाद राजगुरु कॉम्प्लेक्स क्षेत्र में उत्पन्न जलभराव की समस्या का नगर परिषद ने त्वरित समाधान कर दिया है। परिषद के सफाई अमले ने मौके पर पहुंचकर नालियों में जमा गाद, मिट्टी और कचरे को हटाया, जिससे रुका हुआ पानी तेजी से बाहर निकल गया और क्षेत्र में सामान्य स्थिति बहाल हो गई। रविवार की तेज बारिश के बाद कॉम्प्लेक्स परिसर और सड़क पर पानी भर जाने से स्थानीय व्यापारियों एवं आम नागरिकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। जलभराव के कारण ग्राहकों की आवाजाही प्रभावित हुई और कई दुकानदारों ने भविष्य में दुकानों में पानी घुसने की आशंका भी जताई थी। स्थानीय व्यवसायियों जितेंद्र सिंह देवड़ा, अरविंद धनोतिया, दुर्गेश तथा संदीप बागड़ी ने बताया कि पानी भरने से व्यापार प्रभावित हो रहा था। उनका कहना था कि यदि समय रहते निकासी की व्यवस्था नहीं होती तो लगातार बारिश के दौरान आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता था।

मामले की जानकारी मिलते ही नगर परिषद के मुख्य नगरपालिका अधिकारी गिरीश शर्मा ने तत्काल संज्ञान लेते हुए सफाई दल को आवश्यक निर्देश दिए। इसके बाद परिषद की टीम ने मौके पर पहुंचकर नालियों की व्यापक सफाई की और जल निकासी व्यवस्था को सुचारु बनाया। सफाई कार्य पूरा होने के बाद परिसर में जमा पानी पूरी तरह निकल गया, जिससे व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों ने राहत की सांस ली। क्षेत्रवासियों ने नगर परिषद की त्वरित कार्रवाई की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि भविष्य में भी इसी तरह समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाएगा।

## कार्यालय नगरपरिषद शामगढ जिला मन्दसौर (म0प्र0)

क्रं. / 1944/2026 शामगढ ,दिनांक 24.06.2026

**//बसस्टेण्ड प्रथम तल दुकान/हाल आवंटन ऑफ लाईन तृतीय कॉल ऑफर आमंत्रणसूचना//**

एतद् द्वारा सर्वसाणरण को सूचित किया जाता है किनगर परिषद शामगढ द्वारा वार्ड कमांक 08 में नया बस स्टेण्ड स्थित 14 दुकानों/हाल का आवंटन निर्धारित शर्तो एवं म.प्र. नगरपालिका (अचल संपत्ति अंतरण) नियम 2016 एवं संषोधित नियम दिनांक 12 मई 2021 के अंतर्गत सार्वजनिक निविदा द्वारा प्रिमियम के उच्चतम ऑफर प्रस्तुत करने वाले व्यक्तिको (राईट ऑफ आक्युपेषन) के आधारपर 30 वर्ष की अवधि के लिये आवंटित किया जाना है। म.प्र. नगरपालिका (अचल संपत्ति अंतरण) नियम 2016 एवं संषोधित नियम दिनांक 12 मई 2021 के अंतर्गतवर्णित प्रावधान अनुसार सक्षम स्वीकृती उपरांत आगामी कार्यवाही की जावेगी।उक्त दुकानों हेतु आवेदन फार्म /ऑफ लाईन ,ऑनलाईन रु. 10000/–जमा कराये जाकर क्रय किये जा सकते है। निविदा प्रकिया में ही अन्य (मैकेनिक, मांस, मछली, मदिराविक्रेताओंको छोड़कर) दुकानवार भाग ले सकेंगे। आरक्षण में नियमानुसार प्रावधान किया गयाहै। विवरण निम्नानुसार है–

| दुकान क. | प्रतिदुकानआरक्षित मूल्य | अमानतराषि | आरक्षणवर्ग | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अ.जा. | अ.ज. जा. | अ. पि. | अनारक्षित (महिला) | विकलांग | अनारक्षित |
| 02 | 1500000/– | 200000/– | – | – | – | – | – | अनारक्षित |
| 03 | 3100000/– | 200000/– | – | – | – | – | – | अनारक्षित |
| 04 | 3100000/– | 200000/– | – | – | – | – | – | अनारक्षित |
| 06 | 3200000/– | 200000/– | – | – | – | – | – | अनारक्षित |
| 07 | 3300000/– | 200000/– | – | – | – | – | – | अनारक्षित |
| 08 | 1600000/– | 200000/– | – | – | – | – | – | अनारक्षित |
| 12 | 950000/– | 200000/– | अजा0 | – | – | – | – | – |
| 13 | 1600000/– | 200000/– | – | – | – | – | – | अनारक्षित |
| 14 | 1600000/– | 200000/– | – | – | – | – | – | अनारक्षित |
| 15 | 1600000/– | 200000/– | – | – | – | – | – | अनारक्षित |
| 16 | 1500000/– | 200000/– | – | – | – | – | – | अनारक्षित |
| 17 | 1400000/– | 200000/– | – | – | – | – | – | अनारक्षित |

नगर परिषद का कर प्रीमियम किराया या अन्य बकायादार दुकान निविदा/नीलामी में भाग नहीं ले सकेंगे। दुकान की निविदा/नीलामी में अधिकतम बोली के बोलीदार को बोली राशि की 50 प्रतिशत राशि 21 दिवस के भीतर एंव शेष 50 प्रतिशत राशि 120 दिवस के भीतर सक्षम स्वीकृति उपरांत अनुबंध पत्र के साथ जमा कराना अनिवार्य होगा। फायनेंशियल बिड में अधिकतम प्राप्त बोली से ही निलामी प्रकिया प्रारंभ होगी एवं हर बोली का न्युनतम अंतर 10000/–रहेगा।अनुबंध का विधिवत पंजीयन उपरांत ही दुकान का आधिपत्य सौंपा जावेगा। आरक्षित दुकानों के लिये संबंधित व्यक्ति के द्वारा सक्षम अधिकारी का प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।नीलामी से संबंधित शर्ते एवं आरक्षण तथा अन्य जानकारी नगर परिषद की राजस्व शाखा मेंकार्यालयीन समय में देखी जा सकती है।

नोटः–1 –इच्छुक व्यक्ति विस्तृत शर्तें निकाय मे कार्यालयीन समय में देख सकते है।

2 –टेण्डर फार्म क्रय करने की अंतिम तिथी 08.07.2026 को सांय 05:00 बजे तक एवं टेण्डर फार्म जमा करने की अंतिम तिथी 09.07.2026 को सांय 03:00 तक रहेगी । जो उसी दिनांक को सांय 05:00 आफर कर्ता के समक्ष खोली जावेगी । उक्त से अधिक आवेदन (लिफाफे) प्राप्त होने पर निलामी की बोली दिनांक 10.07.2026 को दोप0 11.00 बजे से पुकारी जावेगी ।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपरिषद शामगढ
नगर परिषद शामगढ
दिनांक 24.06.2026

स्वामित्वाधिकारी, कैलाश विश्वकर्मा के लिए मुद्रक के द्वारा नकुल कंप्यूटरर्स एंड ऑफसेट प्रिंटर्स नाकोड़ा परिसर, गली नंबर 2 जीरागंज, मंदसौर (म.प्र.) से मुद्रित कर सुभाष मार्ग, शामगढ़ जिला मंदसौर (म.प्र.) से प्रकाशित,डाक पंजीकरण संख्या मंदसौर / 405/ 2024-26 (संपादक कैलाश विश्वकर्मा) मो. 7898341111 MPHIN/2023/88306